# सरस मेला: स्व-सहायता समूह की दीदियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की भव्य प्रस्तुति

❒ छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य एवं लोक गीत के मंचन से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध







**रायगढ़**

रायगढ़ जिले में आयोजित क्षेत्रीय सरस मेला में स्व-सहायता समूह की दीदियों ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम से सबको मोहित किया है। कार्यक्रम के मंच से जिले के बिहान के स्व-सहायता समूह के दीदियों के द्वारा छत्तीसगढ़ के लोक नृत्य एवं लोक गीत का मंचन किया जा रहा है, जिसमें ददरिया, कर्मा, पंथी, सूआ, बांस गीत, बिरहोर, रावत नाचा नृत्य एवं कौमी एकता गीत जैसे गायन की प्रस्तुती दी जा रही है। साथ ही वित्तीय साक्षरता एवं सफलता की कहानी जैसे नाटकों के माध्यम से अपनी विशेष प्रस्तुती से मंच के माध्यम से दीदियों का कला देखने को मिल रहा है। समूह की दीदियों द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य एवं लोक गीत के मंचन से दर्शक मंत्रमुग्ध हो रहे है।

जिले में पहली बार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शहीद कर्नल विप्ल त्रिपाठी स्टेडियम में 03 से 12 जनवरी 2025 तक क्षेत्रीय सरस मेला 2025 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बिहान की महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है। साथ ही साथ बिहान की दीदियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मेला में अपने कला की प्रस्तुति देकर सरस मेला को आकर्षक बना रहे है, जिसमें रायगढ़ के सभी 07 जनपदों से आई महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों के द्वारा प्रत्येक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी जा रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति की जिम्मेदारी अलग-अलग तिथियों पर जिले के सभी जनपदों के स्व-सहायता समूह की दीदियों के द्वारा निभाई जा रही है। दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक बिहान स्व-सहायता समूह की दीदियों के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुती दी जा रही है साथ ही सायं 5 बजे रात्रि 8 बजे तक स्कूली एवं स्वशायी संस्थाओं के बच्चों के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुती दी जा रही है, जो कि मेले में आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। कार्यक्रम की शुरूवात बीएलएफ एवं सीएलएफ की दीदियों के द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलन से किया जाता है। साथ स्वागत गीत एवं बिहान प्रार्थना गीत का गायन महिला स्व-सहायता के दीदियों के माध्यम से किया जा रहा है। प्रत्येक जनपद से आये बीएलएफ एवं सीएलएफ की अध्यक्ष का सम्मान मंच से किया जाता है।

**अलग-अलग विधाओं पर प्रस्तुति दे रही समूह की महिलाएं-** कार्यक्रम में लैलूंगा जनपद के मुकडेगा संकुल नारी शक्ति महिला उपसंघ द्वारा कर्मा नृत्य एवं साद्री गीत टेरेसा स्व सहायता समूह द्वारा, रायगढ़ जनपद के सखी सहेली संकुल द्वारा संबलपुरी डांस, पुसौर जनपद के ललिता गुरप ओडकेरा संकुल संगठन द्वारा ये गुईया गीत, तमनार जनपद से डोलेसरा संकुल संगठन द्वारा सुआ नृत्य, धरमजयगढ़ जनपद के सुंदरम स्व-सहायता समूह द्वारा कर्मा नृत्य, खरसिया जनपद के उन्नति स्व-सहायता समूह तुरेकेला क्लस्टर द्वारा राउत नाचा, घरघोड़ा जनपद के सुरज महिला ग्राम संगठन लक्ष्मी स्व-सहायता समूह द्वारा सुआ नृत्य विशेष मनमोहक प्रस्तुती दी गई।

**स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया जा रहा सम्मानित-** रायगढ़ जिला अंतर्गत सरस मेला में स्व-सहायता समूह की दीदियों के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुती के साथ ही साथ जिले के स्कूली एवं स्वशायी संस्थाओं के बच्चों के द्वारा विशेष रूप से कथक, भरतनाट्यम, सेमीक्लासिकल, समूह नृत्य, आदि की प्रस्तुती दी जा रही है। प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए उन्हे कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र के माध्यम से पुरस्कृत भी किया जा रहा है। जिला रायगढ़ के आस-पास जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती से भी दर्शक मेला में शामिल हो रहे है, साथ ही साथ रायगढ़ शहर वासियों के द्वारा शाम को अपने परिवार के साथ मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मेले में स्व-सहायता समूह की दीदियों की खरीददारी के लिए भीड उमड़ रही है। उक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम के नोडल फिरोज खान डीपीएम एनआरएलएम एवं मनोज श्रीवास्तव के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एक ही परिवार के तीन लोगों की लाश मिलने से मची सनसनी

**रायगढ़ (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक ही परिवार के तीन लोगों की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. झोपड़ी में मां-बेटी का शव जला मिला है. पति की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली है. घटना की जानकारी मिलते ही घरघोडा पुलिस मौके पर पहुंची है. यह घटना घरघोड़ा ब्लाक के ग्राम कमतरा की है.एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ. इसके बाद पति ने घर में आग लगा दी, जिससे मां-बेटी की जलकर मौत हो गई. इसके बाद पति ने खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस घटना की जांच में जुटी है.

### उद्योगपति गौतम अडानी 12 जनवरी को कोरबा पहुंचेंगे, लैंको पॉवर प्लांट का करेंगे निरीक्षण

**कोरबा (आरएनएस)।** देश के मशहूर उद्योगपति गौतम अडानी 12 जनवरी को कोरबा आ रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, वह लैंको अडानी पॉवर प्लांट का निरीक्षण करेंगे, जहां उनका उडऩखटोला दोपहर 12 बजे लैंड करेगा। मुख्य बिंदु:- पहली बार कोरबा दौरा- लैंको पॉवर प्लांट को खरीदने के बाद गौतम अडानी पहली बार कोरबा का दौरा करेंगे। प्लांट का निरीक्षण- अडानी प्लांट के विस्तार पर रणनीति तैयार करने के लिए पटाढ़ी में संचालित अडानी पॉवर का निरीक्षण कर सकते हैं। महत्वपूर्ण बैठकरू सूत्रों की मानें तो अडानी अपने दौरे के दौरान प्लांट के विकास और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करेंगे।

### निलंबित कर्मचारी ने किया 19 लाख से अधिक का गबन

**रायपुर (आरएनएस)।** संचालनालय कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं नवा रायपुर में एक निलंबित कर्मचारी ने 19 लाख से अधिक का गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जयंति सिंह 61 वर्ष ने ने राखी थाना में शिकायत किया कि आरोपी डॉ. राजेश डेमन ने संचानलाय कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं में बीमा चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत था। इस दौरान आरोपी ने 19 लाख 20 हजार रुपए सेल्फ चेक के माध्यम से तीन बार आहरण कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आईटीआई भटगांव में 16 जनवरी को होगा अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट कैंप

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** विभिन्न औद्योगिक व्यवसायों में कौशल विकास के लिए बिलाईगढ़ क्षेत्र के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण (आईटीआई) भटगांव में जिला स्तरीय अप्रेंटिसशिप मेला, प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 16 जनवरी 2025 को सबेरे 10 बजे से किया जाएगा, जहां कौशल विकास मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत औरंगाबाद महाराष्ट्र के तीन निजी कंपनियों के लिए 10वी पास, 12वी पास, ग्रेजुएट, डिप्लोमा पास, विद्युतकार, फिटर, डीजल मैकेनिक, कोपा एवं वेल्डर कोर्स में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ शामिल हो सकते हैं। यह जानकारी आईटीआई भटगांव के प्राचार्य ने दी हैं।

## कृषि महाविद्यालय में मनाया गया विश्व हिन्दी दिवस

**रायगढ़**



कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, बोईरदादर रायगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा विश्व हिन्दी दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए हिन्दी भाषा ज्ञान प्रश्नोत्तरी, रंगोली इत्यादि का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह द्वारा सरस्वती माता के प्रतिमा पर दीप प्रज्जवल के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार गौतम के द्वारा किया गया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए हिन्दी भाषा की वर्तमान में पौराणिक महत्व को भारतीय जीवन शैली एवं सांस्कृतिक विकास का विस्तृत रूप से बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जी.आर.राठिया द्वारा हिन्दी दिवस की इतिहास के साथ-साथ साहित्य कला एवं फिल्म उद्योग के विकास में हिन्दी के महत्व को बताया। इस प्रकार अपनी भाषा हिन्दी को संजोयें और आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के बीच संकल्प लिए। अंत में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ.सदीप कुमार पैंकरा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। लोगों को हिन्दी बोलकर अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने व भारत एवं विदेशों में हिन्दी भाषा का सम्मान मिल सके, जिसे विद्यार्थियों के बीच अपना विचार साझा किए।

## राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़**



सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य कार्यालय के आरोग्यम् सभाकक्ष में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान एवं स्वास्थ्य जागरूकता के संबंध में चर्चा की गई।

स्वास्थ्य विभाग के डॉ.विवेक उपाध्याय जिला नोडल अधिकारी एवं सीमा बरेठ जिला सलाहकार द्वारा नशा एवं धुम्रपान पर स्कूल जागरूकता कार्यक्रम हेतु शिक्षकों एवं प्राचार्यो को प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में धूम्रपान एवं नशा एक बहुत बड़ी अभिशाप के रूप में तेजी से फैल रहा है, जिसमें युवा विद्यार्थी वर्ग इसकी चपेट में आते जा रहे है जिनसे उनका भविष्य एवं स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने नशा से शरीर के अंगो में होने वाले बीमारियों एवं रोकथाम के बारें में बताया। साथ ही कोटपा एक्ट अधिनियम 2003 की धाराओ के बारें में जानकारी दी गई। मुख्य रूप से सार्वजनिक जगहों (अस्पताल, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड, शॉपिंग मॉल इत्यादि) जगहो पर तंबाकू निषेध बोर्ड लगाकर पालन करने एवं स्कूलो को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान का बोर्ड लगाये जाने एवं स्कूल के 100 गज के दायरें में चिन्हांकन कर पीली पट्टी बनाकर तंबाकू निषेध क्षेत्र किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। साथ ही छात्राओं को समय-समय पर काउसिलिंग एवं पालक सम्मेलन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे जिले के युवा वर्ग के लोगो को नषा मुक्त करने में सहायक हो। प्रशिक्षण में सम्मिलित प्रतिभागियों को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान बनाये जाने हेतु आईसी बोर्ड का वितरण किया गया। उक्त बोर्ड को चस्पा कर एवं कोटपा एक्ट 2003 के अधिनियम का पालन कर प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाना है। वयस्क एवं बच्चो के संबंध में जीवनरक्षी सी.पी.आर प्रशिक्षण नोडल अधिकारी डॉ.केनन डेनियल व डॉ. सुमित कुमार एस मंडल के द्वारा दिया गया।

## बच्चों का सर्वांगीण विकास और कुपोषण दूर करना हमारी पहली जिम्मेदारी- सीईओ जितेन्द्र यादव

❒ आंगनबाड़ी केन्द्रों का करें नियमित निरीक्षण, हर एक बच्चा को लक्ष्य में रखकर उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर का करें मूल्यांकन

❒ सीईओ यादव ने की महिला बाल विकास विभाग के कामकाज की समीक्षा



**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने आज शाम कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने परियोजना एवं सेक्टर वार आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्यनरत बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना एवं जिले से कुपोषण को दूर करना हमारी पहली जिम्मेदारी होना बहुत जरूरी है। कुपोषण एक बड़ी समस्या है जो न केवल बच्चों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि उनके मानसिक और शारीरिक विकास को भी प्रभावित करती है। उन्होंने परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों को सतत रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। हर एक बच्चा को लक्ष्य में रखकर उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर का मूल्यांकन करें।

सीईओ यादव ने कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण युक्त आहार का वितरण करने के निर्देश दिए। बच्चों के वजन एवं उसकी ऊंचाई की नाप हर माह करें। उन्होंने बैठक में गर्भवती माता, किशोरी बालिका एवं बच्चों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

सीईओ जिला पंचायत यादव ने बैठक के दौरान महतारी वंदन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले की सभी पात्र महिलाओं को इस योजना का पूर्ण लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि दस्तावेजों की जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न हो। जिनका आधार अपडेट नहीं हुआ है, उनका युद्धस्तर पर एक महीने के भीतर आधार अपडेशन का कार्य करें। महतारी वंदन योजना एप में मिले प्राप्त शिकायतों को यथाशीघ्र निराकरण करें। उन्होंने कहा कि योजना की प्रत्येक किस्त की राशि सही लाभार्थी के बैंक खाते में ही जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना का क्रियान्वयन सुचारू रूप से हो तथा लाभार्थियों को समय पर राशि का भुगतान सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.आर.कच्छप सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अग्नि सुरक्षा को लेकर स्वास्थ्य केन्द्रों में हुई मॉकड्रिल

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा तथा सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में अग्निसुरक्षा को लेकर जिला सेनानी अग्निशमन एवं आपात कालीन विभाग द्वारा मॉकड्रिल किया गया। जिसमें अस्पताल में मौजूद समस्त चिकित्सक, नर्स एवं समस्त अन्य अधिकारी/ कर्मचारियों को अग्निसुरक्षा के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदाय करते हुए फायर एक्सटिंग्विशर का डेमो दिया गया तथा आपातकालीन स्थिति में गैस सिलेण्डर को बुझाने की विधि बताई गयी। हास्पिटल में फायर एक्सिट की जानकारी दी गई। उक्त प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग के समस्त चिकित्सक, स्टाफ एवं अग्निसुरक्षा विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अवैध गांजा कारोबार पर रायगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 111 किलो गांजा के साथ 6 आरोपी गिरफ्तार, 4 कार, मोबाइल, नकदी समेत 68.40 लाख रुपए की संपत्ति जब्त

❒ ओडिशा से मादक पदार्थ लाकर रायगढ़ और सतना में सप्लाई करने का खुलासा, तस्करों का पूरा नेटवर्क धराशायी

❒ मुख्य सप्लायर ओडिशा से गिरफ्तार, आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई

❒ कोतरारोड पुलिस की कार्रवाई में महिला आरोपी गिरफ्तार, 2.5 किलो गांजा बरामद

**रायगढ़**




पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, बिलासपुर डॉ. संजीव शुक्ला के दिशा निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर पूर्णत: अंकुश लगाने लगातार कार्रवाही जारी है। पुलिस अधीक्षक द्वारा सीमावर्ती प्रांत ओड़िसा से अवैध शराब और गांजा की सप्लाई पर विशेष निगरानी के निर्देश दिये गये हैं, जिस पर कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

दिनांक 09/01/2024 को पुलिस को लगाये मुखबीरों से शहर में गांजा की अवैध खरीदी-बिक्री की सूचना मिली थी कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा सर्किट हाउस रोड़ पर घेराबंदी कर एक स्वीफ्ट डिजायर कार में दो आरोपी महेन्दर सिंह निवासी चांदमारी रायगढ़ और किशन कश्यप रेवती निवासी सम्बलपुर ओडिसा को पकड़ा गया, कार अंदर 13 पैकेट गांजा मिला। आरोपी महेन्दर सिंह से पूछताछ पर उसके किराये के मकान में दबिश दी गई। मकान के सामने आरोपी हरजीत सिंह निवासी चांदमारी रायगढ़ तथा मौके पर 03 कार से भारी मात्रा में गांजा की जप्ती की गई।

हिरासत में लिये गये तीनों आरोपियों से विस्तृत पूछताछ पर तीनों आरोपियों के साथ मिलकर अवैध रूप से गांजा बिक्री करने की जानकारी मिली और आरोपियों से मिली जानकारी पर आरोपियों से गांजा खरीदी करने आये दो आरोपी शेख बाबू और महिला मधु चौधरी को पुलिस टीम द्वारा रेल्वे स्टेशन के पास हिरासत में लिया गया। आरोपियों से मिली जानकारी पर एक टीम ओड़िसा रवाना होकर आरोपी गोपाल भोय निवासी दयाडेरा थाना रेंगाली ओडिसा को गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया है। इस प्रकार आरोपियों से कुल 111 किलो ग्राम गांजा, 04 चार पहिया वाहन, 05 मोबाइल, 64480 रूपये नकद कुल 68.40 लाख की सम्पत्ति की बरामदगी की गई है। 06 आरोपियों पर थाना कोतवाली में अप.क्र- 18/2025 धारा 20 बी, 29 एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई किया गया है।

**जब्त सम्पत्ति-**

(i) 09 प्लास्टिक बोरी में भरा कुल 111 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 22,20,000 रुपये

(ii) ग्रे कलर का स्वीपट डिजायर कार क्र० सीजी 13 यूसी 5963 मय चाबी कीमती 9,00,000 रुपये

(iii) सिल्वर ग्रे कलर का टाटा टिगोर कार क्र० सीजी 13 एजे 8958 मय चाबी कीमती 11,00,000 रुपये

(iv) सिल्वर कलर का क्रेटा कार क्र० ओडी 23 ई 4047 मय चाबी 12 लाख रुपये

(v) सिल्वर ग्रे कलर का क्रेटा कार क्र० सीजी 12 बीसी 9751 मय चाबी कीमती 13,00,000 रुपये

(vi) 05 नग विभिन्न कंपनी के मोबाइल 56,500 रूपये

(vii) नगदी रकम 64,480 रुपये

कुल 68,40,980 लाख रुपए की संपत्ति जब्त

गिरफ्तार आरोपी-

(1) महेन्दर सिंह पिता बाबा सिंह उम्र 49 वर्ष निवासी चांदमारी रायगढ़

(2) किशन कश्यप पिता रेवती प्रसाद उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम बामडा थाना गोविंदपुर जिला सम्बलपुर ओडिसा

(3) हरजीत सिंह पिता महेन्दर सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी चादमारी रायगढ़,

(4) शेख बाबू पिता शेख कमरुद्दी उम्र 45 वर्ष निवासी मनसूरी मोहल्ला वार्ड नंबर 13 नागोद थाना नागोद जिला सतना (म०प्र०)

(5) मधु चौधरी पति संतोष चौधरी उम्र 35 वर्ष निवासी रायपुरा जिला कटनी (म०प्र०)

(6) गोपाल भोय पिता शामिल भोय उम्र 33 वर्ष सा० दयाडेरा थाना रेंगाली जिला झारसुगुडा (ओडिसा)

### कोतरारोड़ पुलिस की कार्रवाई –

कोतरारोड़ पुलिस द्वारा कल रात्रि निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में जिंदल अस्पताल पतरापाली के पास आरोपिया- उषा बंजारा पति स्व. भरत बंजारा उम्र 35 वर्ष साकिन पतरापाली शिव मंदिर तालाब के पास थाना कोतरारोड़ जिला रायगढ से करीब 2.5 Kg. गांजा कीमती 50,000 रूपये की जप्ती की गई है। आरोपिया पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमारपटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम के मार्गदर्शन पर सीएसपी आकाश शुक्ला के नेतृत्व में थाना कोतवाली के उप निरीक्षक ऐनु देवांगन, उप निरीक्षक दिलीप बेहरा, इगेश्वर यादव, सहायक उप निरीक्षक कोशो सिंह जगत, आरक्षक मनोज नटनायक, कमलेश यादव, गोविंद पटेल, रोशन एक्का, जगन्नाथ साहू, संदीप मिश्रा, गणेश सिंह की विशेष भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480